04 नईदुनिया | शनिवार, 20 फरवरी 2010

कागज के दाम बढ़ने से पैकेजिंग उद्योग नाराज

नई दिल्ली। देशभर में कागज के दाम बढ़ने से पैकेजिंग उद्योग को झटका लगा है। इस काम में आने वाली दूसरी चीजों जैसे स्टार्च, स्टिचिंग वायर के दामों में पहले ही 50 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। पैकेजिंग उद्योग की संयुक्त कार्यकारी समिति के संयोजक हरीश मदान ने कहा कि यह उद्योग कागज मिलों और उपभोक्ताओं के बीच पिसकर रह गया है। पिछले बीस दिनों में ही कागज के दाम तीन बार बढ़ाए जा चुके हैं। सुशील सूद, पंकज अग्रवाल, आरपी सिंह, राज कमल जिंदल, देवेन्द्र सहगल, के शशीधरन ने संयुक्त बयान में कहा कि केन्द्रीय उद्योग मंत्री व केन्द्रीय वित्त मंत्री से मांग की गई है कि क्राफ्ट पेपर पर आयात शुल्क खत्म किया जाए। पैकेजिंग उद्योग पर एक्साइज ड्यूटी कम की जाए और कागज मिलों की गुटबाजी और मनमानी पर अंकुश लगाया जाए।